मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर
45वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक
दिनांकः 4 नवंबर, 2020

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर की 45वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक 4 नवंबर, 2020 को श्री राजेश श्रीवास्तव, भा.व.से. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख मध्यप्रदेश और अनुसंधान सलाहकार समिति के पदेन अध्यक्ष की अध्यक्षता में आई. टी. विंग, वन विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल की सहायता से वेबिनार के माध्यम से राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर के मंत्रणा कक्ष में संपन्न हुई।

संचालक राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर ने बैठक के प्रारम्भ में उपस्थित माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए संस्थान की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात् प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख मध्यप्रदेश ने वन विभाग के चुनौतीपूर्ण मुद्दों के अनुरूप एवं वन प्रबंधन का बदले हुए परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान के वैज्ञानिकों को अनुसंधान परियोजनाओं को क्रियान्वित करने और विभाग की विभिन्न वानिकी प्रबंधन की आवश्कताओं एवं लाभार्थियों को अनुसंधान से प्राप्त तकनीकों एवं ज्ञान का विस्तार और प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण किये जाने पर विशेष बल दिया।

तदुपरान्त अनुसंधान सलाहकार समिति के समक्ष संस्थान के विभिन्न प्रभागों के प्रमुख तथा प्रमुख अन्वेषकों द्वारा 20 नवीन अनुसंधान परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया गया। समिति द्वारा 11 परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्तुतिकरण के उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय तथा सदस्यों द्वारा प्रस्तावित अनुसंधान परियोजनाओं के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा विभाग की अनुसंधान प्राथमिकताओं से अवगत कराया।

बैठक के अंत में संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान ने माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी सदस्यों को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं सुझावों हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।